दिन–शुक्रवार दिनांक– 24 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में विश्वास मत हासिल करेंगे।

02. राज्य सरकार ने भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और तस्करों की पहचान कर उनके खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाने का निर्देश दिया।

03. आज राष्ट्रीय पंचायत दिवस है। राज्य की सभी पंचायतों में हो रहा है विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन।

04. और, प्रदेश में अगले तीन से चार दिन तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा। आज रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में लू की चेतावनी।

————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज विश्वास मत हासिल करेंगे। इसके लिए बिहार विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा की कार्यसूची के अनुसार पूर्वाह्न ग्यारह बजे विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार के संबोधन के साथ कार्यवाही की शुरूआत होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी विश्वासमत का प्रस्ताव रखेंगे और इस पर वोटिंग होगी। जदयू के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि विश्वास प्रस्ताव आसानी से पारित होगा। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

विधानसभा में संख्या बल के आधार पर राज्य की नई सरकार को विश्वासमत हासिल करने में कोई परेशानी नहीं होगी। विधानसभा की दो सौ तैंतालीस सीटों में से दो सौ एक सीट एनडीए के पास है। वहीं, राजद के पच्चीस, कांग्रेस के छह, वाम दलों के चार, एआईएमआईएम के पांच और बसपा के एक सदस्य मिलाकर विपक्ष के इकतालीस विधायक हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने के बाद उनके इस्तीफे के कारण एक सीट रिक्त है। गौरतलब है कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पन्द्रह अप्रैल को सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य में एनडीए की नई सरकार बनी है।

सविता पारीक आकाशवाणी समाचार पटना।

————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि जदयू और भाजपा के गठबंधन ने देश के सामने एक उदाहरण पेश किया है। एक निजी समाचार चैनल के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि जदयू और भाजपा की आपस की जो सहमति है, वो इतिहास में दर्ज होगी।

———साउंड बाईट———

————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी विभागों को राज्य की वित्तीय स्थिति और बेहतर करने के लिए सुनियोजित प्रयास करने को कहा है। वित्त विभाग और आंतरिक संसाधन से संबंधित विभागों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में दिशा—निर्देश दिये। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति अच्छी है तथा इसे और बेहतर करना है। उन्होंने सरकारी विभागों को राजस्व संग्रहण और संवर्द्धन को लेकर नवाचार अपनाने और नई संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिये हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने विभागों में वित्तीय अनुशासन को लेकर भी अपेक्षित कार्रवाई करने को कहा है। बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव भी मौजूद थे।

————————————————————————————

राज्य सरकार के विभिन्न विभाग वेतन और राज्य स्कीम मद में तैंतीस प्रतिशत राशि की ही निकासी कर सकेंगे। राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में बजट राशि की निकासी तथा वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए यह निर्देश दिया है। वित्त विभाग के विशेष सचिव मुकेश कुमार लाल ने इस संबंध में सभी विभागों के प्रमुखों को निर्देश जारी किया है।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि समय पर कार्यालय नहीं आने वाले सरकारी कर्मियों पर कार्रवाई होगी। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस संबंध में सभी विभागाध्यक्ष, पुलिस महानिदेशक, सभी प्रमंडलीय आयुक्त और सभी जिलाधिकारियों को आदेश जारी किया है। सभी निकासी और व्ययन पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे उपस्थिति विवरणी के आधार पर ही वेतन बिल तैयार करेंगे।

————————————————————————————

राज्य सरकार ने भारत—नेपाल सीमा पर सुरक्षा मजबूत करने और तस्करों की पहचान कर उनके खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने सुपौल के वीरपुर में भारत—नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा और विधि—व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। ब्यौरा हमारे संवाददाता से

———साउंड बाईट———

उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने जाली भारतीय मुद्रा के प्रसार, साइबर फ्रॉड, अवैध दूरसंचार गतिविधियों, म्यूल खातों के बढ़ते उपयोग तथा फर्जी कंपनियों के संचालन जैसे मामलों पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और एसएसबी अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। मुख्य सचिव ने इन मामलों की गहन जांच

कर दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। अपने दौरे के क्रम में श्री अमृत ने कोसी नदी के कारण आने वाली बाढ़ और जिले में चल रही विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में कोसी प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार, सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक सरथ आरएस और एसएसबी के डीआईजी मधुकर अमिताभ समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

————————————————————————

विधानसभा कोटे से विधान परिषद की रिक्त एक सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया कल से शुरू हो गयी है। पहले दिन कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। नामांकन की अंतिम तिथि तीस अप्रैल तक निर्धारित है। यह सीट भाजपा के मंगल पांडेय के इस्तीफे के कारण रिक्त हुई है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में सीवान से जीत हासिल की थी।

————————————————————————

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड बानवे दशमलव सात–दो प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, तमिलनाडु में पचासी दशमलव एक–चार प्रतिशत का अभूतपूर्व मतदान दर्ज किया गया। पश्चिम बंगाल में पहले चरण में एक सौ बावन सीटों पर वोट डाले गए, जबकि तमिलनाडु की सभी दो सौ चौंतीस सीटों पर एक ही चरण में मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पश्चिम बंगाल में पहले चरण में आजादी के बाद अब–तक का सबसे अधिक मतदान हुआ है। पश्चिम बंगाल में शेष एक सौ बयालीस सीटों के लिए दूसरे चरण का मतदान उनतीस अप्रैल को होगा। सभी राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के चुनावी नतीजे चार मई को घोषित किए जाएंगे।

————————————————————————

आज राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पंचायती राज मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़ा जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश देश की पंचायती राज संस्थाओं तथा ग्रामीण स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों में प्रचारित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में पंचायती राज राज्य मंत्री, एस.पी. सिंह बघेल समेत विभागीय अधिकारी शामिल होंगे।

इधर, राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर राज्य की सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। पंचायती राज विभाग के निदेशक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम सभाओं में महिला सशक्तीकरण, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स, सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण और स्वयं के राजस्व स्त्रोत में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा के साथ–साथ जिला, प्रखंड और

पंचायत स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। गौरतलब है कि तिहत्तरवें संविधान संशोधन अधिनियम के क्रियान्वयन के बाद प्रत्येक वर्ष चौबीस अप्रैल को पंचायती राज दिवस मनाया जाता है।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि मृतक कर्मचारी की परिवारिक स्थिति अच्छी होने पर अनुकम्पा के आधार पर नौकरी का दावा नहीं किया जा सकता है। न्यायामूर्ति पार्थ सारथी की एकल पीठ ने एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुये कहा कि यदि मृतक के परिवार में पहले से कोई कमाने वाला सदस्य मौजूद है और उसकी आमदनी से आश्रितों का भरण–पोषण सम्भव है तो अनुकम्पा नियुक्ति का दावा नहीं किया जा सकता है।

———————————————————————

प्रदेश में अगले तीन से चार दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा। इस दौरान तापमान सामान्य से तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक अधिक बने रहने की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि आज रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में लू चलने की आशंका है। वहीं, राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

———सांउड बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस बीच, पटना जिला प्रशासन ने गर्मी और लू से बचाव के लिए अठारह सदस्यीय लू आपदा राहत टास्क फोर्स का गठन किया है। यह टास्क फोर्स लू के कारण उत्पन्न होने वाली स्थिति में सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर निरोधात्मक और उपचारात्मक कार्य करेगी।

———————————————————————

आज राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि है। बेगूसराय के सिमरिया गांव में जन्मे दिनकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उर्वशी, संस्कृति के चार अध्याय रश्मिरथी और कुरूक्षेत्र उनकी प्रमुख रचनाएं हैं। प्रसार भारती के झरोखे से प्रस्तुत है दिनकर के स्वर में उनका रचना पाठ, जो सुनने मात्र से रोमांच से भर देता है।

———बाईट———

इधर, राष्ट्रकवि दिनकर की जन्मभूमि बेगूसराय के सिमरिया समेत अनेक स्थानों पर उनकी याद में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला गुजरात टाइटन्स से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। वहीं, कल खेले गये एक अन्य मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को एक सौ तीन रनों से हरा दिया।

————————————————————

पटना के फुलवारीशरीफ से पुलिस ने मोटरसाईकिल चोर गिरोह के पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से चोरी की मोटरसाईकिल और आठ फर्जी नंबर प्लेट बरामद हुए हैं।

————————————————————

कटिहार की एक अदालत ने अपनी ही मां की हत्या के दोषी मुकेश नोनिया को आजीवन कारावास और पच्चीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————

अररिया जिला प्रशासन ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में दो आंगनबाड़ी सहायिकाओं को चयनमुक्त कर दिया है। साथ ही चौंतीस आंगनबाड़ी सेविकाओं के खिलाफ कार्रवाई की गयी है।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सम्राट सरकार आज विश्वासमत हासिल करेगी।

दैनिक जारगण ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– राज्य की वित्तीय स्थिति अच्छी, सभी विभागों में अनुशासन जरूरी।

प्रभात खबर लिखता है– एक हजार एकड़ में बसेगी, पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाईट टाउनशिप, पुनपुन बनेगा सेंटर हब।

दैनिक भास्कर लिखता है– अभी गर्मी से राहत नहीं, बढ़ेगा लू का कहर।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– बंगाल में वोटिंग का नया रिकॉर्ड। पहले फेज में बानवे प्रतिशत मतदान।

आज अखबार लिखता है– दो से ज्यादा गैस सिलेंडर रखे तो कटेगा कनेक्शन।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में विश्वास मत हासिल करेंगे।

02. राज्य सरकार ने भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और तस्करों की पहचान कर उनके खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाने का निर्देश दिया।

03. आज राष्ट्रीय पंचायत दिवस है। राज्य की सभी पंचायतों में हो रहा है विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन।

04. और, प्रदेश में अगले तीन से चार दिन तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा। आज रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद और जहानाबाद समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में लू की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।